नई दिल्ली, शुक्रवार
23 नवंबर 2018
गाजियाबाद
मूल्य ₹ 4.00
पृष्ठ 20+8=28

# दैनिक जागरण



www.jagran.com
दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और प. बंगाल से प्रकाशित

तिहाड़ जेल में चंद्रा बंधुओं को वीआइपी सुविधा से कोर्ट खफा 7
अयोध्या में अवश्य बनेगा श्रीराम मंदिर 6

# अटल के नाम पर बनेगा दुनिया का पांचवां सबसे बड़ा एयरपोर्ट

ललित विजय ● नोएडा

ग्रेटर नोएडा के जेवर में बनने वाला इंटरनेशनल एयरपोर्ट क्षेत्रफल के लिहाज से दुनिया का पांचवां सबसे बड़ा एयरपोर्ट होगा। इसका क्षेत्रफल पांच हजार हेक्टेयर के आसपास होगा। इसके साथ ही यह देश का सबसे बड़ा एयरपोर्ट भी बन जाएगा। पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन पर 25 दिसंबर को इसके शिलान्यास और मांग के आधार पर उनके नाम पर ही एयरपोर्ट के नामकरण की तैयारी की जा रही है।

सांसद एवं केंद्रीय मंत्री डॉ. महेश शर्मा और राज्य सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों शिलान्यास कराने का प्रयास कर रहे हैं। साथ ही एयरपोर्ट निर्माण में आ रही अड़चनों को भी जल्द दूर करने की कवायद तेज कर दी है। उम्मीद है कि शिलान्यास के साथ ही एयरपोर्ट का नाम अटल जी के नाम करने की घोषणा पीएम से करा दी जाएगी। बुधवार को जेवर में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर डॉ. महेश शर्मा व जेवर विधायक ठाकुर धीरेंद्र सिंह ने एयरपोर्ट से होने वाले फायदे को घर-घर पहुंचाने के निर्देश दिए हैं।

**आइजीआइ एयरपोर्ट से दोगुनी क्षमता:** इंदिरा गांधी एयरपोर्ट (आइजीआइ) क्षेत्रफल के लिहाज से जेवर एयरपोर्ट से काफी पीछे रह जाएगा। आइजीआइ एयरपोर्ट का क्षेत्रफल 2066 हेक्टेयर है। नवी मुंबई में बनने जा रहे एयरपोर्ट का क्षेत्रफल भी 2320 हेक्टेयर है, जबकि जेवर में एयरपोर्ट 5000 हेक्टेयर में बनेगा व क्षमता दिल्ली से दोगुनी होगी। एयरपोर्ट की क्षमता प्रतिवर्ष 3.5 करोड़ यात्रियों की होगी। एयर कार्गो हब भी बनेगा।

संबंधित सामग्री >> जागरण सिटी

## जेवर में हवाई अड्डे के लिए 12.59 अरब की राशि स्वीकृत

**जासं, ग्रेटर नोएडा :** राज्य सरकार ने जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट के निर्माण के लिए करीब 12 अरब 59 करोड़ 97 लाख रुपये स्वीकृत किए हैं। नागरिक एवं उड्डयन मंत्री नंद गोपाल गुप्ता ने बताया कि यह राशि डीएम के खाते में भेजी जाएगी। वही एयरपोर्ट के लिए भू-अर्जन आदि कार्यों में इस राशि का उपयोग करेंगे।